
# सरकार ने पिछले 12 वर्षों में खड़ा किया मजबूत सुरक्षा तंत्र : शाह

▶ अनुच्छेद 370 को समाप्त कर सरकार ने पेश की मिसाल



**नई दिल्ली 17 जून. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में सरकार ने देश में सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाते हुए सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और नक्सल उन्मूलन से राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की मिसाल पेश की हैं.**

श्री शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश में ऐसा सुरक्षा तंत्र खड़ा किया है जो नागरिकों की रक्षा और दुश्मनों का विनाश करता है.

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्षों में हमारे देश को सुरक्षा के एक ऐसे मजबूत गढ़ के तौर पर फिर से खड़ा किया गया है जो नागरिकों की रक्षा करता है और दुश्मनों का विनाश कर देता है.

चाहे वह सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी सैन्य कार्रवाई से सीमा पार के दुश्मनों का जवाब देना हो, अनुच्छेद 370 को हटाना हो, नक्सलवाद को खत्म करना हो या पूर्वोत्तर में 12 से ज्यादा समझौतों के ज़रिए आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना हो - भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी पक्की प्रतिबद्धता की ऐसी मिसालें पेश की हैं, जिन्हें दुनिया सराहती है. उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार के केन्द्र की सत्ता में 12 साल पूरे हो गये हैं और इस अवसर पर सरकार अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धियों को साझा कर रही है.

# एसआईटी जांच में कई कर्मचारी रडार पर



**नई दिल्ली, 17 जून. अयोध्या राम मंदिर धार्मिक ट्रस्ट से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं की जांच अब एक बड़े स्तर पर पहुंच गई है.**

जांच एजेंसियों ने चढ़ावे की गिनती और प्रबंधन से जुड़े कई कर्मचारियों और पूर्व अधिकारियों पर शिकंजा कस दिया है. इस पूरे मामले में सबसे पहले जिन नामों पर ध्यान गया, उनमें लवकुश मिश्रा और उनके बहनोई अनुकल्प मिश्रा शामिल हैं, जो चढ़ावे की गिनती का कार्य देखते थे.

जांच के दौरान दोनों के घरों पर की गई तलाशी में भारी मात्रा में नकदी मिलने की जानकारी सामने आई है. इसके बाद मामला और गंभीर हो गया और जांच का दायरा और बढ़ा दिया गया. इसके अलावा ट्रस्ट से जुड़े पूर्व ड्राइवर टिन्नू यादव (रामशंकर) को भी जांच के दायरे में लिया गया है.

पूर्व ड्राइवर और रिश्तेदार भी जांच में शामिल

टिन्नू यादव के भतीजे मनीष यादव से भी गहन पूछताछ की गई है, क्योंकि उनका नाम भी इस मामले से जुड़ता पाया गया है. इसके साथ ही सोना-चांदी का हिसाब रखने वाले के.डी. तिवारी और चढ़ावा गिनने वाली टीम के सदस्य राजेश पाठक की आय और रहन-सहन की भी जांच की जा रही है.

# मोदी के 12 वर्षों में बदला भारत

## वैश्विक स्तर पर भारत का मान-सम्मान बढ़ा : शिवराज

▶ 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य पर सरकार अग्रसर



**पटना, 17 जून. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है.**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चौहान ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश निराशा के दौर से गुजर रहा था, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विकास को नई दिशा मिली. उन्होंने दावा किया कि भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा बढ़ी है और देश वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में पहुंचा है.

चौहान ने बिहार को महापुरुषों की भूमि बताते हुए कहा कि छजयप्रकाश नारायण और डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जैसे महान नेताओं ने इस धरती को गौरवान्वित किया है. उन्होंने कहा कि बिहार भी विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है.

### राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य कर रही सरकार

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य कर रही है. उन्होंने सीमाओं की सुरक्षा, घुसपैठ पर नियंत्रण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया. साथ ही कहा कि सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है.

# पुरानी रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली, 17 जून.** संगम विहार इलाके में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान हृदेश के रूप में हुई है, जो इसी क्षेत्र का निवासी था. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हत्या के पीछे पुराना विवाद कारण हो सकता है. पुलिस के अनुसार, वारदात का आरोप मृतक के पड़ोसी पर है. बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से किसी बात को लेकर तनाव और विवाद चल रहा था. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया.

# टेलीग्राम ने कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली, 17 जून. सोशल मीडिया नेटवर्क टेलीग्राम ने रविवार को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट-यूजी) 2026 की पुनः परीक्षा से कुछ दिन पहले उसके ऐप को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित करने के केंद्र सरकार के फैसले को बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी.**

नीट पुनर्परीक्षा के दौरान टेलीग्राम पर अस्थायी रोक के पीछे की वजह क्या हैं? क्या इसके विपरीत इसका मकसद पेपर लीक के बारे में जानबूझकर फैलाई जा रही गलत जानकारी को रोकना है. यह खास तौर पर नीट पुनर्परीक्षा के समय के लिए है और 22 जून के आसपास हटा लिया जाएगा, साथ ही मैसेज-एडिटिंग से जुड़ी चिंता का समाधान 30 जून तक किया जाएगा। यह एक अस्थायी कदम है, न कि व्यापक रोक। यह प्रतिबंध आम उपयोगकर्ताओं को लक्ष्य करके नहीं लगाया गया है। इसका मकसद बहुत अहम पुनर्परीक्षा से ठीक पहले की वह खास समय अवधि है जिसमें ये घोटाले होते हैं, जब डरे-सहमे छात्र सबसे ज्यादा संवेदनशील स्थिति में होते हैं। जिस नुकसान को रोकने की कोशिश की जा रही है वह निरंतर बना हुआ और जारी था।

# आंधी-तूफान और भारी बारिश की चेतावनी

**21** राज्यों में भारी बारिश, आंधी-तूफान का अलर्ट

**60** से 85 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी



**नई दिल्ली, 17 जून. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आज को दिल्ली, यूपी, बिहार और राजस्थान समेत देश के 21 राज्यों में भारी बारिश, आंधी-तूफान और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है.**

एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और आगे बढ़ते मानसून के प्रभाव से उत्तर व मध्य भारत के मौसम में यह बड़ा बदलाव आया है, जिसके कारण कई इलाकों में 60 से 85 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है. दिल्ली और आसपास के इलाकों में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं. मौसम विभाग के अनुसार, आज गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की पूरी संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिलेगी.

# राज्यों को केंद्र की सुशासन पहलों को अपनाना चाहिए



**नई दिल्ली, 17 जून. केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री तथा कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यों से केंद्र सरकार की श्रेष्ठ प्रशासनिक और सुशासन संबंधी पहलों को अपनाने का आह्वान किया है.**

डॉ. सिंह ने बुधवार को यहां कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की 12 वर्षों की उपलब्धियां विषय पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रशासनिक सुधार अब केवल सरकारी प्रक्रियाओं तक सीमित नहीं रहे, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के प्रभावी साधन बन गये हैं. उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में कार्मिक प्रशासन, प्रशासनिक सुधार और पेंशन कल्याण से जुड़े विभागों की कार्यशैली और पहचान में व्यापक बदलाव आया है.

# सपा में बड़ी टूट का दावा गरमाई सियासत

राजभर और केशव मौर्य ने कई सांसदों के पार्टी छोड़ने का किया दावा



**ह्यलखनऊ, 17 जून. उत्तर प्रदेश की राजनीति में समाजवादी पार्टी को लेकर भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों के नेताओं के बयानों से सियासी तापमान बढ़ गया है. सुभासपा प्रमुख एवं योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने दावा किया है कि समाजवादी पार्टी में जल्द बड़ी टूट हो सकती है और कई नेता भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की तैयारी में हैं.**

राजभर ने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा है, जिसमें कुछ नामों का उल्लेख किया गया है। हालांकि उन्होंने अपने दावे के समर्थन में कोई दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किया और इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि भी नहीं हो सकी है.

### समाजवादी पार्टी के 25-26 सांसद टूटने को तैयार हैं


इस बीच उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी दावा किया कि समाजवादी पार्टी के 25-26 सांसद टूटने को तैयार हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी उन्हें तोड़ने का प्रयास नहीं कर रही है. उन्होंने कहा कि देश में जिन दलों में टूट हो रही है, उसमें भाजपा की कोई भूमिका नहीं है. मौर्य ने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रभाव भविष्य में सीमित हो सकता है.

# दिल्ली में झुग्गी पुनर्वास नीति को मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली, 17 जून.** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों के पुनर्वास और पुनर्स्थापन की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 'दिल्ली स्लम एवं जेजे क्लस्टर पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति-2026' को मंजूरी दी गयी है। संधू ने एक्स पर आज इसकी जानकारी देते हुए कहा कि गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह फैसला लिया गया. बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे.

# हल्दीघाटी में जीते थे महाराणा प्रताप : भागवत

भागवत ने कहा- भारत का इतिहास संघर्ष का इतिहास है



**उदयपुर, 17 जून. राजस्थान के उदयपुर में आयोजित महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती और हल्दीघाटी युद्ध के 450 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित राष्ट्र चेतना संकल्प सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इतिहास, राष्ट्रीय चेतना और महाराणा प्रताप के संघर्ष पर विस्तार से विचार व्यक्त किए.**

सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप की विजय हुई थी, जबकि लंबे समय तक इतिहास में इस घटना को अलग तरीके से प्रस्तुत किया गया. उन्होंने कहा कि यदि महाराणा प्रताप पराजित हुए होते तो आज उनकी जयंती पूरे देश में इतने गौरव और सम्मान के साथ नहीं मनाई जाती.

# जी-7 में मोदी ने रखा 'इम्पेक्ट' का प्रस्ताव



**एवियन, 17 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और प्रशांत द्वीप देशों के साथ व्यापार और संपर्क बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल मोबिलाइजेशन पार्टनरशिप फॉर एक्सेलरेटिंग कनेक्टिविटी एंड ट्रेड' (इम्पेक्ट) नामक नई पहल का सुझाव दिया. उन्होंने कहा कि जी-7 देशों की पूंजी, भारत की प्रतिभा और ग्लोबल साउथ की भागीदारी को जोड़कर इस परियोजना को विकसित किया जा सकता है.**

फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने 'सभी के लिए संतुलित, साझा और टिकाऊ आर्थिक विकास' विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि विकास का आकलन केवल सकल घरेलू उत्पाद या व्यापार के आंकड़ों से नहीं होना चाहिए, बल्कि यह देखना जरूरी है कि विकास किसके लिए, किसके साथ और किस दिशा में हो रहा है. प्रधानमंत्री ने कहा कि 'इम्पेक्ट' परियोजना भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे की तर्ज पर विकसित की जा सकती है.

### जी 7 समिट से इतर मोदी की वैश्विक नेताओं से चर्चा

इन बैठकों में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग, जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची, केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी शामिल रहे. प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच हुई वार्ता में दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन संबंधों की प्रगति की समीक्षा की.

# भूमि उपजाऊ बनाने में भारत अग्रणी

▶ अब तक 2.176 करोड़ हेक्टेयर भूमि दायरे में

▶ 200 प्रतिनिधियों ने लिया भाग : भूपेंद्र यादव



**नई दिल्ली, 17 जून. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि भारत हमेशा स्वच्छ पर्यावरण और सतत भूमि प्रबंधन की वैश्विक मुहिम में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और इसी का परिणाम है कि वर्ष 2030 तक 2.6 करोड़ हेक्टेयर भूमि को उपजाऊ बनाने के लक्ष्य के मुकाबले देश अब तक 2.176 करोड़ हेक्टेयर भूमि को उपजाऊ बनाने प्रयासों के दायरे में लाया जा चुका है.**

श्री यादव ने बुधवार को विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस-2026 के अवसर पर यहां इंदिरा पर्यावरण भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नीति प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक नवाचार और जनभागीदारी के समन्वय से पर्यावरणीय पुनर्स्थापन को सतत विकास का प्रभावी माध्यम बनाया जा सकता है. उन्होंने क्षतिग्रस्त भूमि के पुनर्स्थापन, सूखा प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, विज्ञान आधारित निगरानी, सामुदायिक भागीदारी तथा प्रकृति आधारित समाधानों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे न केवल पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी.

श्री यादव ने कहा कि ग्रीन इंडिया मिशन, कैंपा और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना समेत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बड़े पैमाने पर हरितीकरण, वनीकरण और भूमि संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं. इस अवसर पर उन्होंने इंडियन फॉरेस्टर का विशेष अंक तथा बॉन चैलेंज पर भारत की दूसरी प्रगति रिपोर्ट जारी की. कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकारों, शोध संस्थानों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों तथा नागरिक समाज से जुड़े लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया.

## आज का इतिहास

1576 : अकबर और महाराणा प्रताप के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हुआ.

1758 : फ्रेंच जनरल बुस्सी ने निजाम सलाबत जंग से जाने की इजाजत ली, जो भारत से फ्रांस की मौजूदगी का अंत था.

1812 : अमेरिका के राष्ट्रपति जेम्स मेडिसन ने ब्रिटेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.


1858 : झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ग्वालियर के निकट लड़ाई के मैदान में ब्रिटिश सेना से लोहा लेने के बाद मारी गईं.

1931 : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पाँचवें सरसंघचालक के एस सुदर्शन का जन्म हुआ.

# 19 को अपना पक्ष रखने के निर्देश

▶ अभिषेक बनर्जी को स्पीकर का नोटिस जारी

▶ पार्टी में फूट से जुड़े मामले में सुनवाई



**कोलकाता, 17 जून. लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को एक महत्वपूर्ण बैठक के लिए बुलाया है. सूत्रों के अनुसार, स्पीकर ने अभिषेक बनर्जी को 19 जून को मिलने के लिए कहा है. इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य पार्टी में हुई फूट के मामले पर चर्चा करना है.**

स्पीकर चाहते हैं कि अभिषेक बनर्जी इस पूरे विवाद पर अपना पक्ष रखें और स्थिति स्पष्ट करें. अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे हैं और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं. इससे पहले तृणमूल के असंतुष्ट धड़े ने 2023 में अस्तित्व में आई पूर्वोत्तर की राजनीतिक पार्टी- नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई में विलय का एलान किया था. ये पार्टी त्रिपुरा का एक पंजीकृत गैर-मान्याप्राप्त दल है. इस पार्टी का गठन 2022 में हुआ था. शिवली कुंडू इसकी संस्थापक अध्यक्ष हैं. 2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे.

## हस्तियों के ट्वीट



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए कहा कि स्पेसएक्स, टेस्ला, न्यूरालिंक और द बोरिंग कंपनी परोपकार के कार्यों की तरह हैं, जिनका उद्देश्य मानवता के लिए दीर्घकालिक लाभ पहुंचाना है. मस्क ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति केवल दिखावटी अच्छाई के बजाय वास्तविक बदलाव और प्रभाव की परवाह करता है, तो परोपकार करना बेहद कठिन काम है. **- एलन मस्क**

**देहरादून.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सामाजिक माध्यम 'एक्स' पर साझा किए गए अपने संदेश में कहा कि राज्य के विकास के साथ-साथ उसकी सांस्कृतिक और पारंपरिक पहचान को सुरक्षित रखना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार उत्तराखंड की विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रही है. **-पुष्कर सिंह धामी**



**उपलब्धि** ▶ वार्षिक रक्षा उत्पादन सर्वाधिक स्तर 1.78 लाख करोड़ रुपये पहुंचा

# वार्षिक रक्षा उत्पादन ने बनाया रिकार्ड : राजनाथ



वर्ष 2025-26 में 38,424 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड रक्षा निर्यात

निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 42,000 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली 17 जून. भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर अब तक के सर्वाधिक 1.78 लाख करोड़ रुपये पर पहुँच गया है. रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष के 1.54 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन की तुलना में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है तथा वित्त वर्ष 2020-21 के 84,643 करोड़ रुपये की तुलना में 110 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी है.**

स्वदेशी रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 2013-14 के 43,746 करोड़ रुपये से लगभग चार गुना बढ़ गया है. रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों का कुल उत्पादन में लगभग 76 प्रतिशत योगदान रहा, जबकि निजी क्षेत्र का योगदान 24 प्रतिशत रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 के 22 प्रतिशत बढ़ा है. वित्त वर्ष 2025-26 में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 42,000 करोड़ रुपये के साथ अब तक के उच्चतम स्तर पर है, जो रक्षा क्षेत्र में उसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाती है. वर्षों के दौरान रक्षा उत्पादन में हुई वृद्धि ने वित्त वर्ष 2025-26 में 38,424 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड रक्षा निर्यात हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में रक्षा उत्पादन को नयी ऊँचाइयों तक पहुँचाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व को दिया है तथा इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की है. उन्होंने कहा कि यह निरंतर प्रगति देश के विस्तारित हो रहे रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत है.

# स्वचालित पैच-फिलिंग मशीन लॉन्च

**श्रीनगर, 17 जून.** शहरवासियों को जल्द ही जर्जर और गड्ढों से भरी सड़कों से पूरी तरह निजात मिलने वाली है. जम्मू नगर निगम ने शहर की सड़कों को गड्ढा-मुक्त बनाने के लिए एक बड़ा और आधुनिक कदम उठाया है. तकनीक और त्वरित कार्रवाई के तालमेल से अब सड़कों के पैचवर्क का काम हफ्तों या दिनों में नहीं, बल्कि चंद मिनटों में पूरा कर लिया जाएगा. इसके लिए निगम प्रशासन ने 1.3 करोड़ की लागत वाली एक अत्याधुनिक आटोमैटिक पैच-फिलिंग मशीन को लांच किया है. निगम ने इसके लिए कवायद शुरू कर दी है. विभिन्न क्षेत्रों में गड्ढों को भरा जा रहा है. इसके लिए जहां लोगों की मदद ले रहे हैं तो वही अपनी गाड़ियों में लगाए गए कैमरों से भी गड्ढे चिन्हित किए जा रहे हैं.

# मोहर्रम शक्ति प्रदर्शन का नहीं : योगी

स्वस्थ आयु के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनेगा

ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखी जाए

**लखनऊ, 17 जून. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार देर रात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश की कानून-व्यवस्था, आगामी त्योहारों, नीट परीक्षा और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा की. उन्होंने साफ कहा कि मोहर्रम मातम का अवसर है, शक्ति प्रदर्शन का नहीं. शांति भंग करने वालों पर कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए.**



मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि 21 जून को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का प्रदेशभर में सीधा प्रसारण सुनिश्चित किया जाए. सभी पुलिस लाइन्स एवं पीएसी बटालियनों को योग दिवस कार्यक्रमों से जोड़ा जाए. हर जनपद में सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं. उन्होने 20 जून को नगर विकास, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा शिक्षण संस्थानों के सहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए.

मुख्यमंत्री ने 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में प्रवेश पत्र दिखाने पर किराए में 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की. उन्होंने एनटीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा. उन्होने कहा कि मोहर्रम के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन, नई परम्परा की शुरुआत तथा कानफोडू डीजे, ढोल-ताशों के अनियंत्रित प्रयोग की अनुमति नहीं होगी. योगी ने कहा कि ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखी जाए, ताकि दुर्घटना से बचा जा सके. सभी की आस्था का सम्मान किया जाए,